संख्या–cm-53
24/01/2020

जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर कर्पूरीग्राम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 24 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समस्तीपुर जिले के कर्पूरीग्राम स्थिति जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति भवन में जननायक कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

इस अवसर पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में मुख्यमंत्री शामिल हुए और वहां उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गोकुल–कर्पूरी–फुलेश्वरी महाविद्यालय जाकर भी जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय परिसर में बिहार सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं से जन साधारण को अवगत कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गयी विवरणिका "अधिकार" एवं "सहायता" की लगायी गयी प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। महाविद्यालय परिसर स्थित त्रिमूर्ति भवन में जननायक कर्पूरी ठाकुर के माता–पिता की प्रतिमा एवं उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का चित्र एवं जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित प्रतीक चिन्ह् भी भेंट किया गया।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, योजना एवं विकास मंत्री श्री महेश्वर हजारी, जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र सांसद श्री रामनाथ ठाकुर, विधायक श्री विद्यासागर निषाद, विधायक श्री राम बालक सिंह, विधान पार्षद श्री दिलीप चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिवार के सदस्यगण, दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबरे, दरभंगा प्रक्षेत्र के प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक श्री गणेश कुमार, समस्तीपुर के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभांकर, पुलिस अधीक्षक श्री विकास बर्मन सहित ग्रामवासी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****